# जयपुर विकास प्राधिकरणए जयपुर

www.jda.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक–प.2 ( )जविप्रा/अ.आ/एल.पी.सी./बैठक/2024/ दिनांकः–

## कार्यवाही विवरण

प्राधिकरण की भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की 205वीं बैठक दिनांक 30.12.2024 को सायं 05:00 बजे जयपुर विकास आयुक्त महोदया की अध्यक्षता में ''चिंतन सभा कक्ष'' में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारीगण का विवरण **परिशिष्ठ 'अ'** पर संलग्न है। बैठक में विचार विमर्श पश्चात् निम्नांकित निर्णय लिये गयेः–

| क्र.सं. | जोन | प्रस्ताव संख्या | विषय | निर्णय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | – | **205:1** | प्राधिकरण की भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की 204वीं बैठक दिनांक 17.12.2024 के कार्यवाही विवरण की पुष्टि एवं लम्बित अनुपालना रिपोर्ट की समीक्षा बाबत। | भूमि एवं सम्पति निस्तारण समिति की 204वीं बैठक दिनांक 17.12.2024 के कार्यवाही विवरण की पुष्टि की गई एवं लम्बित अनुपालना की समीक्षा की गई। आयुक्त महोदया द्वारा लंबित प्रकरणों में शीघ्र पालना करने के निर्देश दिये गए।<br>जयपुर विकास आयुक्त महोदया, अध्यक्ष भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि आगामी बैठक में पूर्व बैठकों की अनुपालना सम्बन्धी कोई प्रकरण लम्बित नही रहे, इसकी सुनिश्चितता की जावें। |
| 2. | 7 | **205:2** | उच्च जलाशय हेतु भैरव गृ.नि.स.स. की योजना विनायक विहार के सुविधा क्षेत्र/पार्क की कुल भूमि 1585.71 वर्गगज में से 900.00 व.मी. (30X30 mtr.) भूमि निःशुल्क उपलब्ध करवाने हेतु। | प्राप्त एजेण्डा पर विचार–विमर्श पश्चात भैरव गृ.नि. स.स. की योजना विनायक विहार के सुविधा क्षेत्र की कुल भूमि 1585.71 वर्ग गज में उच्च जलाशय बनाये जाने हेतु समुचित भूमि की एन.ओ.सी. जोन स्तर से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को जारी किये जाने का निर्णय लिया गया। |
| 3. | 7 | **205:3** | बजट घोषणा वर्ष 2024–25 अनुसार जविप्रा की योजना गोविन्दपुरा करधनी के सी ब्लॉक के संस्थानिक भूखण्ड संख्या सी–2 कुल क्षेत्रफल 3911 व.मी. में से 2000 व.मी. भूमि पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियन्ता उपखण्ड कार्यालय झोटवाड़ा परिसर हेतु। | बजट घोषणा वर्ष 2024–25 अनुसार जविप्रा की योजना गोविन्दपुरा करधनी के सी ब्लॉक के संस्थानिक भूखण्ड संख्या सी–2 कुल क्षेत्रफल 3911 व.मी. में से 2000 व.मी. भूमि पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियन्ता उपखण्ड कार्यालय झोटवाड़ा परिसर हेतु आवंटन के प्राप्त प्रस्ताव पर विचार किया जाकर निर्णय लिया गया कि उक्त भूखण्ड में से 1500 वर्ग मीटर भूमि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय हेतु निःशुल्क आवंटन की अनुशंषा के साथ प्रस्ताव राज्य सरकार को प्रेषित किया जावें। |
| 4. | 9 | **205:4** | बजट घोषणा वित्तीय वर्ष 2024–25 के तहत कामकाजी महिलाओं के लिये हॉस्टल एवं पेईग–गेस्ट सुविधा हेतु जविप्रा की योजना रामचन्द्रपुरा में भूखण्ड संख्या 30 क्षेत्रफल 3656 वर्ग मीटर का आवंटन कराने बाबत्। | वित्तीय वर्ष 2024–25 की बजट घोषणा के तहत कामकाजी महिलाओ के लिये हॉस्टल एवं पेईग–गेस्ट सुविधा हेतु जविप्रा की योजना रामचन्द्रपुरा में भूखण्ड संख्या 30 क्षेत्रफल 3656 वर्ग मीटर के आवंटन के प्राप्त प्रस्ताव पर विचार–विमर्श किया जाकर निःशुल्क आवंटन की अनुशंषा के साथ प्रस्ताव राज्य सरकार की स्वीकृति हेतु प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया। |
| 5. | 11 | **205:5** | सेज परियोजना ग्राम भम्भोरिया के आवासीय भूखण्ड संख्या 491 | सेज परियोजना ग्राम भम्भोरिया के आवासीय भूखण्ड संख्या 491 क्षेत्रफल 1250 व.मी. के विनिमय में अन्य |

रामकिशोर व्यास भवनए इन्दिरा सर्किलए जवाहर लाल नेहरु मार्गए जयपुर.302004
दूरभाष.छ91.0141.2570122द्व रू ईपीबीएक्स .910141.2569696 एक्सटेंशनरू छ7019द्वरू फैक्स. 91.141.2574555
ई-मेल : {aclpc.jda@rajasthan.gove.in}

RajKaj Ref No.: 12731117

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | क्षेत्रफल 1250 व.मी. के स्थान पर विनिमय में अन्य भूखण्ड दिये जाने बाबत्। | भूखण्ड दिये जाने सम्बन्धी प्राप्त प्रस्ताव पर विचार–विमर्श किया जाकर निर्णय लिया गया कि निम्न बिन्दुओ अनुसार कार्यवाही की जावे:– <br>1. प्रकरण का पुनः परीक्षण किया जाकर तथ्यात्मक रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत किया जायें जिसमें भूखण्ड संख्या 491 पर अतिक्रमण वाले भाग को कम किये जाने के पश्चात कितना क्षेत्रफल शेष उपलब्ध है। <br>2. भूखण्ड संख्या 491 का माप व परीक्षण किया जावे तथा इस भूखण्ड पर अतिक्रमण पाया जावे तो उसे हटाया जाना चाहिये। <br>3. भूखण्ड संख्या 491 के पीछे जविप्रा स्वामित्व की शेष भूमि की क्या स्थिति है? |
| 6. | 11 | **205:6** | सेज पुर्नवास योजना ग्राम कलवाड़ा के व्यावसायिक भूखण्ड संख्या एस–104 आवंटित क्षेत्रफल 800 व.मी. के स्थान पर मौका रिपोर्ट अनुसार क्षेत्रफल 908 व.मी. होने से बढा हुआ क्षेत्रफल 108 व.मी. भूमि आवंटन बाबत्। | सेज पुर्नवास योजना ग्राम कलवाड़ा के व्यावसायिक भूखण्ड संख्या एस–104 आवंटित क्षेत्रफल 800 व.मी. के स्थान पर मौका रिपोर्ट अनुसार क्षेत्रफल 908 व. मी. होने से बढा हुआ क्षेत्रफल 108 व.मी. जो कि 100 वर्ग गज से अधिक होने के कारण, को व्यावसायिक आरक्षित दर के दुगुने से आवंटित किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव राज्य सरकार को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया। |
| 7. | 13 | **205:7** | बजट घोषणा वर्ष 2024–25 के क्रम में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अनन्तपुरा (जैतपुरा) चौमूं के भवन निर्माण हेतु अनन्तपुरा ग्रुप हाउसिंग योजना के आरक्षित भूखण्ड क्षेत्रफल 15885.98 वर्गमीटर में से 4500.00 वर्गमीटर भूमि का आवंटन बाबत। | बजट घोषणा वर्ष 2024–25 अनुसार नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अनन्तपुरा (जैतपुरा) चौमूं के भवन निर्माण हेतु अनन्तपुरा ग्रुप हाउसिंग योजना के आरक्षित भूखण्ड क्षेत्रफल 15885.98 वर्गमीटर में से जोन द्वारा प्रस्तावित 4500.00 वर्गमीटर भूमि के आवंटन के स्थान पर 4000 वर्ग मीटर भूमि निःशुल्क आवंटन की अभिशंषा के साथ आवंटन प्रस्ताव राज्य सरकार को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया। आवंटित किये जाने वाला भूखण्ड ग्रुप हाउसिंग उपयोग का होने के कारण इसे आगामी पी.डब्ल्यू.सी. की बैठक में एल.पी.सी. की बैठक के निर्णय की कार्योत्तर स्वीकृति हेतु रखे जाने का निर्णय लिया गया। |
| 8. | 13 | **205:8** | बजट घोषणा वर्ष 2024–25 अनुसार अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बस्सी, जयपुर हेतु राजस्व ग्राम बस्सी, तहसील बस्सी, के खसरा नं. 1285 रकबा 3.18 है. किस्म–चरागाह, जविप्रा की भूमि में से ठोस कचरा प्रबंधन/एमआरएफ एवं एफएसटीपी की स्थापना हेतु 0.80 हैक्टेयर भूमि आवंटन बाबत। | बजट घोषणा वर्ष 2024–25 अनुसार हेतु राजस्व ग्राम बस्सी, तहसील बस्सी, के खसरा नं. 1285 रकबा 3.18 है. किस्म–चरागाह, जविप्रा की भूमि में से ठोस कचरा प्रबंधन/एमआरएफ एवं एफएसटीपी की स्थापना हेतु 0.80 हैक्टेयर भूमि आवंटन बाबत प्राप्त प्रस्ताव पर विचार–विमर्श कर 8000 वर्ग मीटर भूमि संस्थानिक आरक्षित दर पर आवंटन की अनुशंषा के साथ स्वीकृति हेतु प्रस्ताव राज्य सरकार को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया। भूखण्ड संस्थानिक उपयोग का होने के कारण इसे आगामी बीपीसी(एलपी) की बैठक में एल.पी.सी. की बैठक के निर्णय की कार्योत्तर स्वीकृति हेतु रखे जाने का |



RajKaj Ref No.: 12731117

| | | | | निर्णय लिया गया। |
|---|---|---|---|---|
| 9. | 14 | 205:9 | बजट घोषणा वर्ष 2024–25 अनुसार नगर पालिका वाटिका जयपुर को ग्राम वाटिका तहसील सांगानेर के खसरा नम्बर 1717 रकबा 2.76 हैक्टेयर किस्म चरागाह में से 500 वर्ग मीटर भूमि FSTP/MRF प्लांट हेतु आवंटन किये जाने के सम्बन्ध में। | बजट घोषणा वर्ष 2024–25 अनुसार ग्राम वाटिका तहसील सांगानेर के खसरा नम्बर 1717 रकबा 2.76 हैक्टेयर किस्म चरागाह में से 500 वर्ग मीटर भूमि नगर पालिका वाटिका को FSTP/MRF प्लान्ट हेतु आवंटित किये जाने सम्बन्धी प्राप्त प्रस्ताव पर विचार–विमर्श किया जाकर प्रस्तुत प्लान अनुसार इस खसरें की सीमा जो आबादी से विपरीत मुख्य सड़क के कोने पर है, उसमें से 500 वर्ग मीटर भूमि आवासीय आरक्षित दर पर आवंटित किये करने की अनुशंषा के साथ स्वीकृति हेतु प्रकरण राज्य सरकार को भिजवाये जाने का निर्णय लिया गया। |

बैठक धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुई।

सदस्य सचिव एवं
अतिरिक्त आयुक्त (एलपीसी)

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ, पालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–**

1. विशिष्ठ सहायक, मा0 मंत्री, नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निजी सचिव, जयपुर विकास आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।
4. सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।
5. निदेशक (वित्त/अभियांत्रिकी–I, II/नगर–आयोजना), जविप्रा, जयपुर।
6. अतिरिक्त आयुक्त (पूर्व/पश्चिम/एल.पी.सी./भूमि/प्रशासन), जविप्रा, जयपुर।
7. संयुक्त आयुक्त (सिस्टम मैनेजमेंट/संसाधन विकास एवं समन्वय), जविप्रा, जयपुर।
8. विशेषाधिकारी (आर. एण्ड एम.), जविप्रा, जयपुर।
9. अतिरिक्त निदेशक (राजस्व एवं सम्पति निस्तारण), जविप्रा, जयपुर।
10. उपायुक्त जोन–1 से 14, पृथ्वीराज नगर (उत्तर–प्रथम व द्वितीय) (दक्षिण–प्रथम व द्वितीय)।
11. सिस्टम एनालिस्ट, जविप्रा को कार्यवाही विवरण स्केन कर जविप्रा वेबसाईट पर अपलोड करने के लिये।
12. जन सम्पर्क अधिकारी, जविप्रा, जयपुर।
13. रक्षित पत्रावली।

सदस्य सचिव एवं
अतिरिक्त आयुक्त (एलपीसी)

Document certified by SHIV PRASAD SINGH <spskajla@gmail.com>.

Digitally Signed by Shiv Prasad Singh
Designation : Additional Commissioner
Date :31-12-2024 06:08:54




RajKaj Ref No.: 12731117

**उपस्थिति पत्र** **परिशिष्ठ "अ"**

जयपुर विकास आयुक्त महोदया की अध्यक्षता में आयोजित भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की 205वीं बैठक दिनांक 30.12.2024 में उपस्थित रहे अधिकारियों की सूची:–

| क्र.सं. | नाम अधिकारी | पद | एलपीसी में पद | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती आनन्दी | जयपुर विकास आयुक्त | अध्यक्ष | |
| 2. | श्री निशान्त जैन | सचिव | सदस्य | |
| 3. | श्री ओंकारमल राजोतिया | निदेशक (वित्त) | सदस्य | [signature] |
| 4. | श्री अजय गर्ग | निदेशक (अभियांत्रिकी–II) | सदस्य | [signature] |
| 5. | श्री विनय कुमार दलेला | निदेशक (नगर आयोजना) | सदस्य | |
| 6. | डॉ. एस. पी. सिंह | अति. आयुक्त (एलपीसी) | सदस्य एवं सदस्य सचिव | [signature] |
| 7. | डॉ. प्रिया बलराम शर्मा | अति. आयुक्त (प्रशासन) | सदस्य | |
| 8. | डॉ. देवाराम शिवरान | अति० निदेशक (राजस्व) एवं विशेषाधिकारी (आर एण्ड एम) | विशेष आमंत्रित | [signature] |
| 9. | श्री सुनील शर्मा–I | उपायुक्त जोन–07 | विशेष आमंत्रित | [signature] |
| 10. | श्रीमती तारामती वैष्णव | उपायुक्त जोन–09 | विशेष आमंत्रित | [signature] |
| 11. | श्री उपेन्द्र शर्मा | उपायुक्त जोन–11 | विशेष आमंत्रित | |
| 12. | ~~श्रीमती~~ सुश्री प्रियंका तलानिया | उपायुक्त जोन–13 | विशेष आमंत्रित | [signature] |
| 13. | श्री हेमन्त कुमार | उपायुक्त जोन–14 | विशेष आमंत्रित | [signature] |
| 14. | श्री दिग्गज चाँगल | उपायुक्त (एलपीसी) | विशेष आमंत्रित | |
| 15. | श्री नवल किशोर मीणा | जनसम्पर्क अधिकारी | विशेष आमंत्रित | |
| 16. | Subhash Chandra Sharma | ACTP (MD) | | [signature] |
| 17. | Tanveer S. Sandhu | TDR-2 II | | [signature] |
| 18. | Uday Singh Verma | DTP, Zone-11 | | [signature] |
| 19. | Vivek Yadav | ATP-12 | | [signature] |
| 20. | Ramkalyan | TDR 2.13 | | [signature] |
| 21. | | | | |
| 22. | | | | |
| 23. | | | | |
| 24. | | | | |
| 25. | | | | |

रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004
दूरभाष-{+91-0141-2570122} : ईपीबीएक्स -91+0141-2569696 एक्सटेंशन: {7019}: फैक्स- +91-141-2574555
ई-मेल : { aclpc.jda@rajasthan.gove.in }